PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Saturday 13th December 2014, Page: 12
Width: 9.72 cms, Height: 8.82 cms, a4, Ref: pmin.2014-12-13.43.134

# चीन से थोक दवाओं की डंपिंग पर लगेगा अंकुश

## उर्वरक एवं रसायन मंत्री अहीर ने दिए संकेत



नई दिल्ली (भाषा)। सरकार चीन से थोक दवाओं की डंपिंग पर अंकुश के लिए कदम उठाएगी। उर्वरक व रसायन राज्यमंत्री हंसराज गंगाराम अहीर ने शुक्रवार को कहा चीन द्वारा भारत में 'फार्मा स्युटिकल्स इंग्रिडिएंट्स' की डंपिंग की जा रही है।

अहीर ने कहा कि देश में फार्मा क्षेत्र के विकास के लिए काफी संभावनाएं हैं। सरकार 'भारत में बनाओ' सिद्धान्त में विश्वास करती है। वह यहां सीआईआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल्स सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अहीर ने कहा, 'हमारे सामने चीन की चुनौती है। हम इस बात को जानते हैं कि नीति में बदलाव की जरूरत है। वह यहां थोक दवाओं की डंपिंग कर रहा है। हम चीन से थोक दवाओं की डंपिंग पर विचार-विमर्श के जरिए अंकुश लगाने के उपाय कर रहे हैं।' मंत्री ने अनुसंधान संस्थानों व उद्योग के बीच अधिक समन्वय की भी वकालत की। उन्होंने कहा, 'हमारे छात्र दुनिया में किसी को भी चुनौती दे सकते हैं और ऐसे में हम अग्रणी विनिर्माता बन सकते हैं।'

GOW